भारत सरकार
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 2701
दिनांक 11 **अगस्त**, 2021

ओएनजीसी बार्ज दुर्घटना

2701 **श्रीमती फूलो देवी नेतम**:

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ऑयल एण्ड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) लिमिटेड की ओर सभी संस्थापनों को ताउते चक्रवात के बारे में दी गई चेतावनी संबंधी सूचनाओं और ऐसी सूचनाओं की तारीखों और प्राप्तकर्ता संस्थापनों का ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या मंत्रालय ने ओएनजीसी बार्ज पी-305 के डूबने के संबंध में जांच हेतु एक उच्च स्तरीय समिति गठित की है; और
(ग) यदि हां, तो इस गठन की तारीख, इस समिति में नियुक्त व्यक्तियों और अब तक समिति द्वारा निकाले गए निष्कर्षों का तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

उत्तर
पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री रामेश्वर तेली)

(**क**) ताउते चक्रवात के संबंध में ओएनजीसी द्वारा सभी प्रतिष्ठानों को किए गए पत्राचारों का कालानुक्रम विवरण निम्नलिखित है –

11.05.2021
भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 14:00 बजे ताउते चक्रवात के संबंध में पहली सलाह (प्रैस विज्ञप्ति) जारी की।

12.05.2021
मुंबई अपतट, ओएनजीसी की संयुक्त ऑपरेशन समीक्षा बैठक (जेओआरएम) में आईएमडी सलाह पर चर्चा की गई। तात्कालिक आधार पर चक्रवात संबंधी तैयारी के मद्देनज़र, मुंबई क्षेत्र के सभी वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया गया। सभी प्लेटफार्मों/रिग्स/जहाजों को आपात प्रतिक्रिया योजना (ईआरपी), क्षेत्रीय आकस्मिक योजना (आरसीपी) और कारपोरेट आपदा प्रबंधन योजना (सीडीएमपी) के अनुसार कार्रवाई करने एवं एहतियात बरतने को कहा गया।
पश्चिमी अपतट, मुंबई स्थित रिग मूव प्रकोष्ठ ने पश्चिमी अपतट में लगाए गए सभी रिग्स को रिग-विशेष के लिए समुद्री प्रचालन मैनुअल/एसओपी/चक्रवात आकस्मिक योजना में उल्लिखित एहतियाती कदम उठाने के लिए तैयार रहने की एक सलाह जारी की गई।

13.05.2021

समुद्री बचाव समन्वय केन्द्र (मुंबई) (एमआरसीसी) से मुंबई में वसुधारा भवन स्थित रेडियो रूम (कमीशन-वन) में 08:30 पीएम बजे ईमेल के माध्यम से मौसम संबंधी सलाह प्राप्त हुई जिसे 08:37 पीएम बजे सभी ओएनजीसी प्रतिष्ठानों, रिग्स और जहाजों को मानक प्रचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार एहतियाती कार्रवाई/उपाय करने की सलाह के साथ सूचित कर दिया गया। संबंधित प्रतिष्ठानों द्वारा क्षेत्र के सभी बार्जों को आने वाले चक्रवात के मद्देनज़र सुरक्षित स्थल की ओर जाने की योजना बनाने के लिए रेडियो संवाद के माध्यम से निर्देशित किया गया।

14.05.2021

आईएमडी ने उष्णकटिबंधीय विक्षोभ के ट्रैक पूर्वानुमान के साथ एक अद्यतन जानकारी जारी की। रिग्स/प्रतिष्ठानों और सामान्य सलाह के लिए उष्णकटिबंधीय विक्षोभ के रास्ते से संबंधित प्लाट से सभी संबंधितों को सूचित किया। ओएनजीसी ने क्षेत्र के सभी बार्जों को सुरक्षित स्थल पर जाने के लिए कहा।

15.05.2021

चक्रवात के संबंध में आईएमडी चक्रवात सलाह बुलेटिन मुंबई में वसुधारा भवन स्थित ओएनजीसी रेडियो रूम (कमीशन-वन) से सभी प्रतिष्ठानों, रिग्स और जहाजों को मेल द्वारा (08:47 पीएम) संसूचित किया गया। ओएनजीसी वेधन अनुभाग ने सभी हितधारकों के साथ एक वीडियो कान्`सिंग की। 16 मई, 2021 की शाम को रिग्स को तूफान से बचाव के मोड में जाने के लिए कहा गया।

16.05.2021

चक्रवात की व्यापकता के मद्देनज़र सभी प्रतिष्ठानों, ओडीएजी, कमीशन-वन रेडियो रूम, हैलीबेस रेडियो रूम, न्हावा रेडियो रूम आदि के साथ समन्वय करने के लिए वसुधारा भवन में एक आपात नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया।

ताउते चक्रवात के दौरान बेस नियंत्रण कक्ष/रेडियो रूम लगातार रिग्स, प्लेटफार्मों, ओडीएजी, हैलीबेस रेडियो रूम, न्हावा रेडियो रूम के साथ समन्वय में रहा।

(**ख**) **और** (**ग**) ओएनजीसी जहाजों के फंसने और दुर्घटनाओं की जाँच करने के लिए सरकार ने दिनाँक 19.05.2021 को एक उच्च स्तरीय समिति का गठन किया है जिसमें निम्नलिखित सदस्य शामिल हैं –

i. श्री अमिताभ कुमार, पोत परिवहन महानिदेशक
ii. श्री एस.सी.एल दास, महानिदेशक, हाइ ोकार्बन महानिदेशालय
iii. श्रीमती नाज़ली जाफ़री शायिन, संयुक्त सचिव, रक्षा मंत्रालय

समिति ने अभी अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की है।